हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



डाइट में बीआरजीएस का पांच दिवसीय प्रशिक्षण



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

## खबर संक्षेप

### जांच में शिकायत झूठी पाई गई

**जशपुरनगर।** शासकीय इंदिरा गांधी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव की शिकायत के संबंध में जांच की गई। जांच में तहसीलदार प्रांजल मिश्रा पत्थलगांव एवं बीआरसी की उपस्थित में विद्यालय में प्राप्त वितरित एवं शेष पुस्तकों का मिलान किया गया। प्राप्त पुस्तकें के अनुसार वितरित एवं शेष पुस्तकों की संख्या सही पाया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी अनुसार किताबें शेष नहीं बची है। उन्होंने बताया सत्र 2024.25 की सभी पुस्तकें वितरण कर दी गई कोई पुस्तक नहीं बचा है। साफ सफाई के दौरान प्रतिदिन कचरा निकलता है उसे ही जलाने का अवशेष पाया गया।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए प्रतीक्षा सूची जारी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास विद्यालय के कक्षा 9वीं सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्यचन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा के आधार पर वर्गवार चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची राज्य कार्यालय द्वारा जारी की गई है। विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। प्रतीक्षा सूची के चयनित विद्यार्थियों हेतु 15 से 18 जुलाई 2025 तक काउंसिलिंग आयोजित की गई है।

### कृषकों को प्रदान किया जाएगा आदान राशि

**जशपुरनगर।** राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, जिसके कारण कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ योजनांतर्गत चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कृषक उन्नति योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल के कास्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार के साथ-साथ कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में निवेश हेतु प्रोत्साहन, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देते हुए कृषि को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुर्नस्थापित करना है।

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सोनगरा।** साप्ताहिक बाजार में सरपंच प्रतिनिधि पर एक ग्रामीण ने प्राणघात हमला कर दिया। घटना में सरपंच प्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी में है। पुलिस के मुताबिक 9 जुलाई की शाम धरमपुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष मानिकपुरी सोनगरा साप्ताहिक बाजार गया था।

---

### व्यवहार न्यायालय कुनकुरी का फैसला

# हत्या के अपराध में भाई को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के डोभ गांव में पारिवारिक जमीन विवाद ने ऐसा भयावह रूप ले लिया, जिसने रिश्तों के मायने ही बदल दिए। 45 वर्षीय सुरजन राम ने अपने ही बड़े भाई समरू राम की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी। इस दर्दनाक घटना के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन की अदालत ने आरोपी सुरजन राम को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। घटना 17 सितंबर 2022 की रात करीब 9 बजे की है, जब आरोपी और मृतक दोनों ने शराब का सेवन कर घर लौटने के बाद घर के बाहर ज़मीन को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। मृतक की बेटी सबरी बाई ने अदालत में बताया कि शोर सुनकर जब वह बाहर आई, तो देखा कि उसके पिता और चाचा आपस में झगड़ रहे थे। कुछ ही देर में सुरजन राम अपने घर गया और लोहे की टांगी लेकर आकर समरू राम के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। लहूलुहान समरू वहीं गिर पड़ा। सबरी ने उसे उठाकर खाट पर लिटाया, लेकिन रात दो बजे तक उसकी मृत्यु हो गई।





#### सजा में जुड़ेगी अब तक की कारावास

सजा के अंतर्गत सुरजन राम को आजीवन कारावास और 1000 रूपए के अर्थदंड, अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास सुनाया गया है। अभियुक्त 24 नवंबर 2022 से अब तक न्यायिक हिरासत में था, जिसे सजा में समायोजित किया जाएगा।

#### ऐसे अपराध समाज के लिए खतरा,क्षमा योग्य नहीं

अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से श्रीमती पुष्पा सिंह, अपर लोक अभियोजक ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर यह साबित किया कि हत्या पूर्वनियोजित थी और सुरजन राम की मंशा जान से मारने की थी। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता एस अहमद ने इसे पहला अपराध बताते हुए नरमी की अपील की। लेकिन अदालत ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए कहा कि ऐसे अपराध समाज के लिए खतरा हैं और क्षमा योग्य नहीं हो सकते।

---

# संभागीय संयुक्त संचालक ने किया सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

**जशपुरनगर।** संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा संभाग डॉ अनिल कुमार शुक्ला द्वारा 11 जुलाई को सिविल अस्पताल पत्थलगॉव का आकस्मिक निरीक्षण

- अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को अवैतनिक अवकाश और कार्य में लापरवाही बरतने वाले को नोटिस जारी करने के निर्देश

किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा अव्यवस्थित व साफ -सफाई का अभाव पाया गया।

स्टोर एवं दवाइयों के डिब्बे पर मेनुफेक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं मिला। जन मानस के लाभ हेतु प्रदर्शित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के फ्लेक्सी एवं बैनर संस्था में बहुत कम पाए गए। संभागीय संयुक्त संचालक डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि



अस्पताल का निरीक्षण करते संयुक्त संचालक।

संस्था में एनसीडी अंधत्व निवारण मलेरिया, टीबी, एएनसी के लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जाए। संस्था में एनबीएसयू हेतु एक ही फोटोथेरेपी मशीन होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मशीन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अनेक राष्ट्रीय कार्यक्रम हेतु संधारित रजिस्टर व्यवस्थित नहीं पाया गया जिसे व्यवस्थित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लड स्टोरेज यूनिट में आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये सामाजिक संगठनों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने संस्था में नियमित रूप से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और डायलिसिस यूनिट में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुये इसे दूर किये जाने ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# प्रतिभावान बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा संकल्प





- जया और नीता ने संकल्प पहुंचकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जिले के आर्थिक रूप से कमजोर जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जिले के प्रतिभावान बच्चों को निः शुल्क गुणवत्तायुक्त शिक्षा देकर जे ई ई और नीट की कोचिंग करा रहा है इसी की बदौलत यहां से अपना अध्यन पूर्ण कर बच्चे देश के प्रतिष्ठित ⏭ शेष पेज 4 पर

### कृषक परिवार की जया बनी डॉक्टर

इस संस्थान से पास होने वाली पत्थलगांव के कृषक परिवार की बालिका जया पराह अब डॉक्टर जया पराह बन गई है और इसी जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किलकिला में डॉक्टर के रूप में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। इसने संकल्प से पास होने के बाद चिकित्सा महाविद्यालय राजनंदगांव में एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया था। डिग्री प्राप्त करने के बाद इसे डॉक्टर के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। नियुक्ति पत्र प्राप्त होने उपरांत जया संकल्प जशपुर आई और अपनी उपलब्धि की जानकारी प्राचार्य विनोद गुप्ता और स्टाफ को दी और सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि संकल्प संस्थान नहीं होता तो वह डॉक्टर नहीं बन पाती। उसने कहा कि जिस तरह संकल्प शिक्षण संस्थान जिले के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्य कर रहा है उसी तरह मै भी अपने क्षेत्र में जिले के लोगों के लिए कार्य करूंगी।

### नीता बनी इंजीनियर एल एंड टी में दे रही सेवाएं

इसी तरह जशपुर निवासी नीता सिंह ने भी संकल्प से पास होने के बाद एन आई टी रायपुर में प्रवेश प्राप्त किया और डिग्री प्राप्त कर देश की प्रतिष्ठित कंपनी एल एण्ड टी में बतौर इंजीनियर नौकरी प्राप्त की। ये भी संकल्प आई और प्राचार्य एवं स्टाफ को अपनी उपलब्धि की जानकारी दी । नीता ने कहा कि उसने यह नहीं सोचा था कि संकल्प में अपनी पढ़ाई कर वो इंजीनियर बन कर देश की प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी प्राप्त कर पाएगी। नीता सिंह ने संकल्प में पढ़ाई कर कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया था। ज्ञात हो जया पराह और नीता सिंह दोनों ही एक ही बैच में संकल्प में प्रवेश लिया था और दोनों ही आपस में करीबी सहेली है।

---

### रांची तक फैला था साइबर ठगी का नेटवर्क

# म्यूल अकाउंट के जाल में फंसे दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं के बीच पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए म्यूल अकाउंट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सूझबूझ और तकनीकी टीम की मेहनत से एक ऐसा जाल सामने आया, जिसमें युवक अपने बैंक खाते किराए पर देकर साइबर अपराधियों के साझेदार बन चुके थे।

- अपराधी ठगते रहे मासूमों को, खाता धारक लेते रहे किराया, अब जेल की सलाखों के पीछे

#### क्या है म्यूल अकाउंट

म्यूल अकाउंट'यानी ऐसा बैंक खाता, जिसे किसी अन्य व्यक्ति अक्सर साइबर अपराधी को कुछ पैसों के बदले सौंप दिया जाता है। बदले में खाता धारक को कुछ सौ, कभी हजार रुपयों की लालच दी जाती है। लेकिन अपराध की रकम का लेन-देन इसी अकाउंट से होता है और जब पुलिस की जांच होती है, तो यही खाते सबूत बन जाते हैं।

#### सख्त धाराओं में अपराध दर्ज

दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(2), 318(4) एवं 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी।

#### 1 लाख रुपए की ठगी, दो गिरफ्तार

मामला तब उजागर हुआ, जब महाराष्ट्र बैंक, जशपुर के खाता संख्या 6049174249 में 1 लाख रुपए का संदिग्ध लेन-देन दर्ज हुआ। खाते का स्वामी सुभाष केरकेट्टा, उम्र 25 वर्ष, निवासी गिरांग, जशपुर है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर सुभाष ने बताया कि उसने एक वर्ष पूर्व खाता खुलवाया था और बाद में अपना एटीएम कार्ड अपने रिश्तेदार नीरज रतन टोप्पो को दे दिया था। नीरज ने बदले में उसे कुछ रकम दी। जब पुलिस ने नीरज रतन टोप्पो उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम कोपा,थाना सन्ना को पकड़ा, तो मामला और चौंकाने वाला निकला उसने यह खाता और एटीएम किसी अज्ञात व्यक्ति को रांची भेज दिया था। दोनों की मुलाकात कभी नहीं हुई, सारा सौदा फोन पर हुआ।

#### पुलिस की चौकसी रंग लाई

इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस की तकनीकी टीम लगातार काम कर रही थी। एसएसपी ने कहा कि खाता किराए पर देने वाले भी अपराध में बराबर के भागीदार होते हैं। म्यूल अकाउंट साइबर ठगी का नया हथियार है और हम इसे खत्म करने की दिशा में कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

#### पहले भी हो चुकी है गिरफ्तारियां

यह पहला मौका नहीं है। पुलिस पहले भी दुलदुला, कुनकुरी और पत्थलगांव थाना क्षेत्रों में म्यूल अकाउंट से जुड़े मामलों में गिरफ्तारी कर चुकी है। पुलिस का मानना है कि अभी और भी कई लोग इस जाल में फंसे हो सकते हैं, जिन पर नजर रखी जा रही है।

---



शपथ ग्रहण के बाद शिक्षकों के साथ फोटो सेशन में शामिल छात्र संघ के पदाधिकारी।

# संत पॉल स्कूल बघिमा में छात्र संघ का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शनिवार को संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल बघिमा में छात्रसंघ का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। स्कूल बैंड की मधुर तालों के साथ नव-निर्वाचित सदस्य मंच तक पहुंचे। सामूहिक प्रार्थना में सबके लिए आशीर्वाद की कामना की गई, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

- विद्यालय में नेतृत्व की जिम्मेदारी थामे नए छात्रों ने ली शपथ

मिस सुनैना मुंडा ने अपने प्रस्तावना भाषण में एक लीडर के महत्व और जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य फादर नीलम टोप्पो ने नवनिर्वाचित छात्रसंघ को शपथ दिलाई। आयुष भगत को शाला नायक तथा अनुष्का किसपोट्टा को शाला नायिका के रूप में शपथ दिलाई गई। इसके अलावा अनुशासन मंत्री, सफाई मंत्री, खेल मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री, ग्रुप कैप्टन और वाइस कैप्टन सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों ने भी पद की जिम्मेदारियां अनुशासन की शपथ ली।

#### प्रबंधक ने बैज पहनाया

फादर विपिन स्कूल प्रबंधक ने सभी नव-नियुक्त सदस्यों को बैज पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मिस एलिजाबेथ ने बच्चों को अनुशासनपूर्वक पंक्तिबद्ध किया, जबकि सिस्टर सुशीला पन्ना ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि "लीडर का जन्म नहीं होता, उन्हें तैयार किया जाता है। एक सच्चा लीडर वह है, जो अपने आचरण से मार्गदर्शन करता है।

#### कार्यक्रम को सफल बनाने किया सहयोग

कार्यक्रम में मिस प्रीति के नेतृत्व में स्कूल के गायक दल ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिससे समारोह और भी भव्य बन गया। इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए एक रोमांचक फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें अनबोर्ड टीम ने 2-0 से शानदार जीत दर्ज की। दर्शकों ने मैच का भरपूर आनंद लिया।समारोह की सभी गतिविधियां सलीब और प्रवीण द्वारा फोटो एवं वीडियो में संजोई गईं।

---

### शाउमावि बगिया में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगिया में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस विद्यालय में कर चुके हैं अध्ययन

कार्यक्रम में छात्रों ने स्वागत गीत गाकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं मुँह मीठा कराकर स्वागत किया और सभी का उत्साहवर्धन करने के साथ शुभकामनाएं भी दी। अतिथियों द्वारा बच्चों को गणवेश प्रदान किया गया साथ ही सरस्वती साईकल योजना के तहत छात्राओं को साईकिल का वितरण भी किया। इसके साथ ही



छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण।



सरस्वती योजना के तहत् छात्राओं को सायकल वितरण करती कौशल्या साय।

विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर श्रीमती कौशल्या साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से बच्चों को प्राथमिकता के साथ विद्यालय भेजने, साफ-सफाई का ध्यान रखने, समय का सदुपयोग करने की अपील की साथ ही शिक्षकों को भी प्रेरित किया कि वे निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्रदान करें। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी अध्ययन कर चुके हैं। शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने भी अपने संबोधन में छात्रों को जीवन में शिक्षा का महत्व के बारे में बताते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया।

MARK OF EXCELLENCE
अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा वर्ल्ड-क्लास यूरोलॉजी एवं जनरल/लेप्रोस्कोपिक सर्जरी



यूरोलॉजी एवं यूरोसर्जरी
- यूरेथर की पथरी का बिना चीरे या छोटे से चीरे द्वारा दूरबीन से ईलाज।
- आधुनिक दूरबीन द्वारा छोटे से चीरे से गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL)
- लेजर मशीन द्वारा किडनी की पथरी का ईलाज
- प्रोस्टेट ग्रंथी का दूरबीन से ऑपरेशन (TURP)
- पेशाब नली की सिकुड़न का ईलाज।
- किडनी, पेशाब नली, पेशाब थैली के कैंसर का ईलाज।

जनरल/लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- हार्निया
- गॉलब्लेडर
- अपेन्डिक्स की लेप्रोस्कोपिक के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
- अन्य जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 ( C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS



# राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

लाइफ Style

# प्रियंका



## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।

हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



# पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



# द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

टीवी मसाला



# 11 अगस्त से शुरू होगा कौन बनेगा करोड़पति का नया सीजन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति'में अमिताभ बच्चन एक बार फिर से प्रतियोगियों से सवाल-जवाब करते नजर आएंगे। 11 अगस्त से 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन शुरू होगा। शो का एक प्रोमो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर शो 'कौन बनेगा करोड़पति का एक प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें एक अमीर आदमी एक गरीब आदमी का मजाक बनता है। अपने कारपेट से पैर हटाने के लिए कहता है। इस पर वह आदमी जानकारी देता है कि यह कारपेट ऐसे मटीरियल का बना है, जो गंदा नहीं होता है। इसके बाद वह कहता है, 'हमारे भदौयी में भी कारपेट बनते हैं, आपको भेजते हैं और उस आदमी के हाथ में कुछ पैसे रख देता है।' फिर एंट्री होती है, अमिताभ बच्चन की, वह कहते हैं, 'अक्ल है तो अकड़ है।' आगे प्रोमो में अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के टेलीकास्ट होने की तारीख बताते हैं। मगर यह बात वह विजय दीनानाथ चौहान के अंदाज में कहते हैं।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का उद्देश्य है प्रेरित करना



**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने बताया कि, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत। आइए एक ऐसा शो बनाते हैं जो जरूरी सवाल उठाने से न डरे, जो बातचीत की शुरुआत करे और एक ऐसे दौर में अलग नजर आए, जहां विजुअल चमक-दमक सब कुछ बन चुका है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब लौट रहा है सीमित एपिसोड्स के साथ- अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए। इसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रभाव छोड़ना, सोच को झिंझोड़ना और सबसे जरूरी-प्रेरित करना है। ढेर सारी मस्ती, उत्साह और दिल से जुड़ी भावनाओं के साथ।'

# शिल्पा और संजय केडी में एक साथ आएंगे नजर



**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म 'केडी-द डेविल' का टीजर हाल ही में मुंबई में शानदार तरीके से लॉन्च किया गया। इस इवेंट के बाद से ही फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सबसे खास बात है संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी, जो एक लंबे अरसे बाद किसी फिल्म में एकसाथ नजर आने वाली है। दोनों ही सितारों के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक दमदार किरदार 'धाक देवा' के रूप में नजर आ रहे हैं और ध्रुव सर्जा 'केडी' की भूमिका में हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी का अंदाज भी कमाल का है। शिल्पा फिल्म में एक मजबूत और प्रभावशाली महिला किरदार निभा रही हैं, जो शायद कहानी का अहम मोड़ साबित हो। शिल्पा शेट्टी ने लंबे वक्त बाद किसी एक्शन ड्रामा फिल्म में वापसी की है और वो भी संजय दत्त जैसे मजबूत अभिनेता के साथ। उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। टीजर में भारी भरकम एक्शन सीन्स, जबरदस्त डायलॉग्स और 70 के दशक के पीरियड ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही संगीत निर्देशक अर्जुन जन्या का म्यूजिक भी लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म के पहले दो गाने 'शिवा शिवा' और 'सेट्टगल्ला' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खून के रिश्ते से नहीं, बल्कि एक और गहरे बंधन से जुड़े हैं। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, ड्रामा और रिवेंज की तगड़ी डोज का प्रॉमिस कर रही है। फिल्म का निर्देशन 'जोगी' फेम प्रेम ने किया है और इसमें ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। लेकिन सबकी निगाहें टिकी हैं संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी पर, जिन्होंने पहले भी साथ काम कर दर्शकों का दिल जीता था। एक बार फिर ये जोड़ी पर्दे पर एक ही फिल्म में आ रही है।

# आंखों की गुस्ताखियां देखकर दर्शकों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।' एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।' एक और एक्स यूजर ने लिखा है 'आंखों की गुस्ताखियां देखने में अच्छी है। विक्रांत मैसी ने अच्छा काम किया है। शनाया कपूर ने भी अच्छा काम किया है। उम्मीद है कि फिल्म अच्छी चलेगी।' फिल्म क्रिटीक कुलदीप गढ़वी ने फिल्म के बारे में लिखा है 'फिल्म ने न सिर्फ मेरे दिल को बल्कि मेरी आत्मा को भी छुआ है। यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी है जो धीरे-धीरे खुलती है और आप पर गहरी छाप छोड़ती है। यह शनाया कपूर की पहली फिल्म है, और यह वाकई कमाल की शुरुआत है!

## आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में आईं नजर

# दुख और कष्ट में बीता बचपन, बाद में बनीं बॉलीवुड की पहली कॉमेडी क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन की बात होती है तो महमूद और जॉनी वॉकर से लेकर जॉनी लीवर, जूनियर महमूद और राजपाल यादव के नाम लिए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन कौन थीं? अभिनेत्री उमा देवी खत्री उर्फ टुनटुन वो शख्स हैं, जिन्हें बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन माना जाता है। टुनटुन कॉमेडी क्वीन के नाम से जानी जाती हैं। सिंगर-एक्टर उमा देवी उर्फ टुनटुन की 11 जुलाई को 102वीं जयंती थी। इस मौके पर जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका सफर।

अपनी एक्टिंग से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली टुनटुन का बचपन दुखों भरा रहा है। टुनटुन का जन्म उमा देवी खत्री के रूप में 11 जुलाई 1923 को अब उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। टुनटुन का बचपन बेहद मुश्किलों में गुजरा। उनके माता-पिता और भाई की हत्या जमीन विवाद में कर दी गई थी। अपनी मौत से दो दिन पहले टुनटुन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैं नहीं जानती मेरे मां-बाप कैसे दिखते थे, क्योंकि जब मैं ढाई साल की थी तो वो गुजर चुके थे। मेरा 8-9 साल का भाई था, जिसका नाम हरी था। मुझे याद है हम अलीपुर में रहते थे। एक दिन मेरे भाई की भी हत्या कर दी गई, तब मैं चार-पांच साल की रही रहूंगी।



### ऐसे पड़ा टुनटुन नाम

टुनटुन का नाम उमा देवी से टुनटुन कैसे पड़ा इसके भी पीछे एक कहानी है। कुछ लोगों का कहना है ये नाम उन्हें उनके भारी वजन के कारण नौशाद ने दिया था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि उमा देवी को टुनटुन नाम दिलीप कुमार ने दिया था। बाबुल फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान टुनटुन के गिर जाने पर दिलीप कुमार ने कहा कि कोई उठाओ इस टुनटन को। बस यहीं से उनका नाम टुनटुन पड़ा। फिलहाल नाम जैसे भी पड़ा हो, लेकिन बाद में ये नाम बॉलीवुड का सबसे चर्चित नाम बना। 24 नवंबर 2003 को टुनटुन का निधन हो गया।

### घर से भागकर पहुंचीं मुंबई

टुनटुन का बचपन से ही संगीत की तरफ झुकाव था। वो अक्सर रेडियो से गाने सुनकर उसका रियाज किया करती थीं। टुनटुन अक्सर काम के सिलसिले में दरियागंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाया करती थीं। एक दिन वहां पर उनकी मुलाकात अख्तर अब्बास काजी से हुई। उन्होंने टुनटुन से वादा किया था वो उनकी मदद जरूर करेंगे। लेकिन, बाद में वो लाहौर चले गए। इसके बाद उनकी मुलाकात एक लड़की से हुई जो मुंबई के कई फिल्म वालों को जानती थी। एक दिन टुनटुन ने उनको ये बात बताई उन्हें गाने का बहुत शौक है, तो उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ मुंबई चलो। इसके बाद टुनटुन अपनी उस दोस्त के साथ भागकर मुंबई आ गईं। वहां पर दोस्त ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर नितिन बोस के असिस्टेंट से कराई। नए शहर में जाने के बाद टुनटुन के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, तो नितिन बोस के असिस्टेंट ने उन्हें अपने घर पर पनाह देदी।

### नौशाद ने ही दी फिल्मों में जाने की सलाह

बच्चे हो जाने के बाद टुनटुन काफी मोटी हो गई थीं। वो फिर से इंडस्ट्री में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए वो फिर नौशाद के पास पहुंचीं। लेकिन, नौशाद ने उनसे कहा कि अब लता मंगेशकर जैसे संगीत की शिक्षा लिए हुए लोग म्यूजिक में आ गए हैं। इसलिए अब यहां टिक पाना मुश्किल है। कहते हैं कि नौशाद ने ही टुनटुन को फिल्मों में एक्टिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने टुनटुन से कहा कि तुम्हारा वजन काफी बढ़ गया है। ऐसे में तुम्हें देखकर लोग हंसेंगे। तुम फिल्मों में एक्टिंग करो।

### दिलीप कुमार की फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

नौशाद दिलीप कुमार के पास गए। दिलीप कुमार उस वक्त बाबुल फिल्म बना रहे थे। नौशाद ने उन्हें टुनटुन को लेने के लिए कहा, दिलीप साहब इस पर राजी हो गए। इस तरह टुनटुन ने 1950 में आई फिल्म बाबुल से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। देखते-देखते टुनटुन बॉलीवुड की कॉमेडी क्वीन बन गईं। ऐसा कहा जाता है कि टुनटुन ने 200 फिल्मों में काम किया है।

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रांजल किए गए सम्मानित

**बलरामपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ताइक्वांडो (मार्शल आर्ट) प्रशिक्षक प्रांजल सिंह को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल बलरामपुर जिले के पहले राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने निरंतर अपनी मेहनत से दो बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया है और राज्य सहित जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रांजल ने सिंह ने बताया कि इस उम्र में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु के रूप में सम्मान पाना ये बड़ी सौभाग्य की बात है। वहीं कार्यक्रम के दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अलग-अलग विधाओं में गुरुओं का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, बाल कृष्ण पाठक, बिहारी पाल, बंसीधर गुप्ता, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी, सत्य प्रकाश सिंह, कोदूराम द्विवेदी, डॉ. अर्चना गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना लाल चौधरी एवं भानु प्रकाश दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षक सहित पुजारी वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा नगर के वयोवृद्धि सेवानिवृत शिक्षक धनंजय पाठक सहित मंदिर के पुजारी एवं गायत्री परिवार से जुड़े वरिष्ठ जनों के घर जाकर शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म की संस्कृति है। सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। हमारे धर्म ग्रंथो में गुरु में गु का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रु का अर्थ प्रकाश अर्थात अज्ञान को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर पुरोहित नंदकुमार पांडे, प्राचीन राम मंदिर के पुजारी यशपाल दुबे, पहाड़ी मंदिर के पुजारी पवन पांडे, गायत्री परिवार के टीआर शर्मा के घर जाकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल, पार्षद सुमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनूप कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु पथ प्रदर्शक का किया सम्मान



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती योगेंद्र सिंह, मुकेश, प्रेमपाल अग्रवाल, अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आमंत्रित गुरुजनों एवं समाज के पथ प्रदर्शक प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। साथ ही गुरुजनों एवं वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुरेंद्रनाथ तिवारी, रामानंद ओझा, शैलेंद्र सिंह, अशोक राम, नक्षत्र तिवारी, कृष्ण मुरारी शुक्ला, प्रेमपाल अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, मोहन पांडे, आनंद मित्तल, आशुतोष जायसवाल, कृष्ण सोनी को सम्मानित किया गया। इस दौरान अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, सूर्यदेव जायसवाल, नंदा यादव, श्रीमती सीता पैकरा, अरविंद जायसवाल, श्रीमती राधा सिंह, लालमेंन, सौरभ देवांगन, विक्रम नामदेव, अंकुर जायसवाल, आर्यन दुबे, संतोष रजक, सोनू शर्मा, योगेंद्र सिंह, अजय सिंह, बुधराम देवांगन,धर्मेंद्र, अभिषेक कुशवाहा, आयुष वर्मा अक्षय कुमार रवि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 25 हजार से अधिक गौवंश व अन्य बेजुबान का सड़क पर किया उपचार

# गौ सेवा मंडल ने आठ वर्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किया 12 हजार से अधिक गौवंश सहित बेजुबानों का रेस्क्यू



गौशाला में चारा खिलाते टीम के सदस्य।



गौ-भण्डारा में पशुओं चारा देते सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जिले में गौ सेवा मंडल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

जिले में कुछ साल के भीतर ही सड़क दुर्घटना में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ तो वाहन चालक की लापरवाही से जबकि अधिकांश सड़क दुर्घटना में आवारा मवेशियों व घुमंतू जानवरों के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गाय, भैंस बछड़े सहित अन्य घुमंतू जानवर घायल हो जाते है ऐसे में समय पर उपचार नहीं मिलने से उनकी मौत हो जाती है। ऐसे में किसी बेजुबान की जान न जाए और समय पर उपचार मिले इसके लिए शहर के कुछ युवाओं ने न सिर्फ बीड़ा उठाया बल्कि पिछले आठ साल के भीतर ही घायल 12 हजार से अधिक गौवंश सहित बेजुबानों का रेस्क्यू किया। आज गौ सेवा मंडल की टीम शहर के घूम घूम कर गौ भंडारा का आयोजन किया।

गौ सेवा मंडल सरगुजा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग में पहली बार गौ भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे गौ सेवा मंडल की टीम द्वारा पूरे शहर में आवारा पशुओं को घूम घूम कर हरा चारा खिलाया। गौ सेवा मंडल टीम पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि इन आठ साल के भीतर ही मंडल की टीम ने लगभग 12 हाजर से अधिक गौवंश व अन्य बेजुबानों का रेस्क्यू किया। इसके अलावा कुआं, सेफ़्टी टैंक, गढ्ढे, दलदल, नाला में गिरे मवेशियों का मौके पर जाकर उनका उपचार किया। साथ ही 25 हजार गौवंश व अन्य बेजुबानों को सड़क पर ही इलाज कर ठीक करने का कार्य किया गया। मंडल की टीम ने वहां जाकर गौवंशों का रेस्क्यू किया है जहां आम लोगों का जाना तो दूर लोग दूर से ही भाग जाते है ऐसे सेफ्टी टैंक जो उपयोग में है उसमें से गौवंश को निकालकर सुरक्षित करने का काम किया है। इसके अलावा जब पूरा देश कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के संकट में था तब लोग अपने घरों से निकलने से डरते थे। उस समय भी गौ सेवा मंडल टीम की सेवा जारी रही। साथ ही मंडल के सदस्यों ने पहल किया कि इंसान का तो पेट भरने के लिए कई संस्था कार्य कर रही है किन्तु शहर में आवारा पशु गाय व कुत्ता भुखमरी के शिकार न हो जाए इसके लिए टीम बनाकर शहर के आवारा पशुओं गाय, कुत्ता, बिल्ली को विभिन्न मार्गों में घुम घुमकर चारा व बिस्किट खिलाने का कार्य किया। आज गौ सेवा मंडल की टीम शहर के घूम घूम कर गौ भंडारा का आयोजन किया और मुख्य मार्ग सहित सड़क पर बैठे मवेशियों को हरा सब्जी सहित फल खिलाया।

#### गौवंशों को लगाया रेडियम बेल्ट

गौ सेवा मंडल की टीम द्वारा समय समय पर गौवंशो को रेडियम बैल्ट बांधने का कार्य किया है। यह रेडियम बैल्ट रात्रि के समय चमकता है जिससे सड़क पर बैठे गौवंश दूर से ही दिखाई दे देते है जिससे दुर्घटनाओं में कमी आती हैं। इसके अलावा गर्मियों के मौसम में शहर के मुख्य मार्गो व चौक चौराहों जहां पर गौवंश समूह में रहते है वहां पर नाद रखवाया गया जिससे पशुओं को गर्मी के दिनों में पानी की कमी से मृत्यु न हो। साथ ही ऐसी व्यवस्था करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया जिससे आवारा पशुओं हेतु पानी व चारे की व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

#### पशुपालकों पर की कार्रवाई की मांग

गौ सेवा मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने ऐसे पशु पालकों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की जो अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है। गौ सेवा मंडल के सदस्यों का कहना है कि शहर के लोगों द्वारा तो मवेशी पाल लिया जाता है परंतु मवेशी के दूध नहीं देने व उसके चारे में खर्च हो रहे रुपए से बचने के लिए अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है जिससे शहर में आवारा मवेशियों की संख्या में वृद्धि हुई है। मंडल के सदस्यों का कहना है कि पूर्व में कई बार नगर निगम को आवारा मवेशियों तथा मवेशियों मालिक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में शहर का मुख्य मार्ग हो या राष्ट्रीय राजमार्ग हमेशा मवेशियों का झुंड अचानक सड़क पर आ जोते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# दिनेश झा बने सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों के तबादले, वापस ली गई प्रतिनियुक्ति

गुरुवार को शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग में बड़े पैमान पर फेर बदल किया है। शासन द्वारा जारी आदेश में सरगुजा जिले के डीईओ समेत कई अधिकारियों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए है।

जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा अशोक कुमार सिन्हा को उप संचालक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग की जिम्मेदारी दी गई है जबकि प्रभारी संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय को संभाग से हटाकर उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भेज दिया गया है। जबकि दिनेश कुमार झा को अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान से डीईओ सरगुजा बनाया गया है।

इसी तरह बीईओ ओडगी राजीव कुमार सिंह को प्रतिनियुक्ति पर डाईट व्याख्याता कोरिया भेजा गया है। आलोक कुमार सिंह को एबीईओ ओडगी को एबीईओ लखनपुर बनाया गया है। अनिल कुमार अग्रवाल प्राचार्य शासकीय उमावि कतकालो को सहायक संचालक कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग सरगुजा भेजा गया है। इसी तरह मनीष कुमार को एबीईओ वाड्रफनगर से प्रभारी बीईओ लुंड्रा, अरुण कुमार वर्मा प्रभारी बीईओ लुंद्र से सहायक प्राध्यापक डाईट बनाया गया है। रवि शंकर तिवारी को डीएमसी सरगुजा से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए व्याख्याता गणित शा उमावि कुन्नी, रवि शंकर पाण्डेय एपीओ समग्र शिक्षा से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए व्याख्याता अंग्रेजी उमावि करकोमा कोरबा भेजा गया है। सुनील तिवारी शासकीय हाई स्कूल रजपुरी कला लखनपुर को एपीओ समग्र शिक्षा सरगुजा बनाया गया है। गोपाल कृष्ण दुबे बीईओ कार्यालय सरगुजा से बीईओ कार्यालय मनेद्रगढ़ भेजा है। इसी तरह गिरीश गुप्ता प्राचार्य लावलीहुड को व्याख्याता भूगोल के पद पर शाउमावि घुडदेवा कटघोरा भेजा गया है। इसके साथ ही सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कई अन्य शिक्षकों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली गई रैली



**अंबिकापुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग व मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर में जनसंख्या दिवस पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के प्राचार्य एलके गुप्ता व अन्य शिक्षक, मिशन शक्ति से जिला समन्वयक नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ नेहा सिंह राजपूत व कार्यालय सहायक स्वेता ठाकुर उपस्थित रहे।

### ग्राम हर्राटिकरा स्थित घुनघुट्टा नदी में मिला लापता अधेड़ ग्रामीण का शव

**बिश्रामपुर।** साद्गू के घर दर्रीपारा जाने की बात कहकर घर से निकले अधेड़ ग्रामीण का शव आज शुक्रवार को हर्राटिकरा के चिटकीपारा स्थित घुनघुट्टा नदी में तैरता हुआ पाया गया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा निवासी 58 वर्षीय बली राम गोंड पिता स्व.बालबोध गोंड पिछले दिनों 8 जुलाई को घर से साद्गू के घर दर्रीपारा जाने की बात कहकर घर से निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा।

# पुलिसकर्मियों ने जान पर खेलकर बचाई उफनती नदी में बह रहे युवक की जान



**प्रतापपुर।** उफनती नदी में बह रहे युवक न सिर्फ जिंदगी और मौत से जूझ रहा था बल्कि उसने बचने की पानी के तेज बहाव से बचने की उम्मीद ही छोड़ दे दी। इसी प्रतापपुर थाने में पदस्थ आरक्षक न सिर्फ फरीसता बन कर आया बल्कि अपनी जान का परवाह किए बगैर ही उफनती नदी से युवक को बचाकर बाहर निकाल लिया। आरक्षक ने बाकी नदी में डूब रहे ग्रामीण की जान बचाकर मानवता नहीं बल के पूरे पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया।

प्रतापपुर क्षेत्र में लगातार 15 घंटे से बारिश होने के कारण जहां नदी नाला उफान पर है। इसी बीच ग्राम जगन्नाथपुर निवासी विनय गुप्ता आ. साहेश टोप्पो (18 वर्ष) उफनती बाकी नदी में अचानक बहने लगा। घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवक पूरी तरह से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मोके पर पहुंची रस्सी फेंक कर युवक को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुल की ऊंचाई लगभग 50 फीट होने के कारण वह रस्सी को पकड़ नहीं सका। जिस पर पानी के तेज बहाव मे युवक बहता रहा और उसके पीछे नदी के किनारे किनारे पुलिस दौड़ती रही और साथ में ग्रामीण दौड़ते रहे। इस बीच जान जोखिम में डालकर प्रधान आरक्षक बिनोद परीड़ा, कांस्टेबल जयप्रकाश पन्ना द्वारा नदी में बचाने उतरे जबकि एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक विनोद परीड़ा. रविशंकर चौबे.आरक्षक चालक जय प्रकाश पन्ना, अमर साय. सत्यनारायण तथा ग्राम गोटागांव के ग्रामीणों द्वारा 2 घंटा के कड़े मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकालने में सफल हो सके। पुलिसकर्मियों ने युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवक का उपचार चल रहा है।

#### तीन किमी तक बह गया था युवक

बाकी नदी से बहता हुआ युवक लगभग 3 किलोमीटर तक पानी में कचरा और पेड़ के डंगाल के सहारे बह गया था। युवक को उफनती नदी में बहता देख ग्रामीणों ने प्रतापपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना पर पुलिस में तत्परता दिखाते हुए जगह-जगह अपना आदमी अलर्ट कर दिया और खुद रेस्क्यू को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि परिजन के अनुसार तीन दिन से विनय घर नहीं लौटा था और आज इस स्थिति में पानी में बहते हुए उसे देखा गया। आखिर वह पानी में कैसे बह रहा था यह बात स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन ने बताया कि तीन दिन से घर से निकला युवक की काफी खोजबीन किया गया था और आज ऐसी स्थिति में मिला।

### जनजाति गौरव समाज ने मनाई राजमोहिनी की जयंती, संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज, पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय और शासकीय मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में माता राजमोहिनी देवी की जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। वहीं शिविर के बाद रक्तदान किया गया।

जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने माता राजमोहिनी देवी और समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था के महामंत्री अमित सिंह मरावी ने माताजी के नशा मुक्ति, धर्मांतरण रोकथाम, छुआछूत उन्मूलन, शिक्षा, जल प्रबंधन, सनातन धर्म, संस्कृति, और परंपराओं के संरक्षण हेतु गांव-गांव पदयात्रा कर समाज को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। सरगुजा विश्वविद्यालय की कुलसचिव एसपी त्रिपाठी ने प्राचीन शिक्षा पद्धति, जड़ी-बूटी चिकित्सा, और जनजाति परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह अजय मिश्रा ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ जनजाति समाज के उत्थान की बात कही।

डॉ. बी.आर. सिंह ने सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वास, और वैज्ञानिक युग में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति पर बल दिया। जनजाति गौरव समाज के संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम ने विदेशी संगठनों द्वारा समाज को बांटने के षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने और शिक्षा, स्वास्थ्य, व आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता बताई।

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) – Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
|---|---|
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable : 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
Note: Preference to Chhattisgarh domicile candidates
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

LCIT COLLEGE OF COMMERCE AND SCIENCE
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
APPROVED BY
swayam
Choose The Best
CHOOSE LCIT
WHY CHOOSE US !
SCHOLARSHIPS
SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
PLACEMENTS
TRANSPORT FACILITY
Well Equipped Lab
Lush Green Campus
Sports
Moot Court
Distinguished Faculty
E-Content Provided
Eligibility Any Graduate
PGDCA
1 Year Academic Programme
LAUNCHING SOON
BBA.LL.B. &
M.Sc. Biotechnology
Grab Your Seat in
BA & LLM
• Government Scholarships • Placement Facility • Experienced Faculty
• Educational / Industrial Visit • Well Equipped Labs • Book Bank Facility
• LCIT 'शत प्रतिशत संकल्प' Scholarship
B.Sc.(Hons') B.Com(Hons') BA(Hons')
BCA(Hons') BBA(Hons') M.Sc.
M.Com. M.A. LAW
Contact Us
Science : 9827875752 Commerce : 7566666785
Law : 7000256175 Arts : 9109730890
APPLY NOW
www.lcit.edu.in

## खबर संक्षेप



### कौहाकुंडा में फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**रायगढ़।** रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी सुनील रामदास के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कौहाकुंडा प्राथमिक शाला परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। फाउंडेशन के राम यादव ने बताया कि हर वर्ष वर्षा ऋतु में जिलेभर में पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। सुनील रामदास ने कहा कि यह अभियान न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण बल्कि लोगों में जागरूकता लाने का भी कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान पाठक नरेंद्र कुमार, शिक्षिकाएं रेशमा लकड़ा, मंजू पटेल, फाउंडेशन सदस्य मदन मोहन, संजय देवांगन, शिवकुमार, भूपेंद्र श्रीवास्तव सहित कई लोग एवं छात्र उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे रोपे और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### नवीन का सुयश, प्रथम प्रयास में बने सीए

**खरसिया।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. भगतराम अग्रवाल के पौत्र एवं शहर की जानी मानी हस्ती स्व. नटवर पांडे के सुपुत्र नवीन अग्रवाल अपने पहले प्रयास में ही सीए फाइनल एग्जाम क्लियर कर सीए बन गए है। नवीन शुरू से ही होनहार छात्र रहे है। इन्होंने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई खरसिया में रहकर ही पूरी की तथा उसके पश्चात रायपुर में रहकर कड़ी मेहनत एवं लगन से यह मुकाम हासिल करते हुए अपने माता.पिता सहित परिवार का नाम रोशन किया। सीए नवीन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माताए बड़ी बहन सहित मित्रो एवं परिजनों को दिया है। नवीन ने बताया उनकी माताजी एवं बड़ी बहन ने हमेशा उन्हें भरपूर सहयोग किया जिनकी बदौलत आज वो इस मुकाम पर पहुंच पाएं है। सीए नवीन अग्रवाल की इस चमकीली सफलता से तिगड़नीया परिवार सहित पूरे नगर में हर्ष की लहर है।



### केनसरा में पाइप बिछाते समय उखड़ गई सड़क

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम केनसरा में पीएचई विभाग द्वारा घर घर नल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन पाईप बिछाते समय न तो उसकी लेवलिंग की गई और ना ही किसी प्लंबर द्वारा जांच कराई गई। आनन फानन में गलियों को खोद दिया गया और पाईप डाल कर रख दिया गया। इस बीच बरसात आ जाने के कारण आवागमन बाधित हुआ जिसके चलते खुले पाईप को बचाने उसे पाट दिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### संभागीय संयुक्त ...

हेतु भी निर्देशित किया गया। सिविल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नित्यानंद यादव आरएचओ एक दिवस, प्रियांश साहू वार्ड ब्वाय 2 दिवस नीलम तिर्की, नर्सिंग सिस्टर 2 दिवस अनुज साहू एसटीएस 1 दिवस अनुमपा टोप्पो एक दिवस मनीषा तिर्की एक दिवस को अनुपस्थित पाये जाने पर अवैतनिक किये जाने हेतु निर्देशित किया। राजेश चौहान द्वारा एक दिवस का अग्रिम में दैनिक उपस्थिति पंजी में अंकित करने के कारण इन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीईटीओ एनपी चौधरी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में रूची नहीं लेने के कारण इन्हें कारण बताओ नोटिस पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक को अधीनस्थ समस्त संस्थाओं का नियमित भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी को भ्रमण कर सभी सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया।

### प्रतिभावान बच्चों के ...

शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश पाने में सफल हो रहे है। दोनों ने संकल्प जशपुर पहुंच कर व्याख्याताओं के प्रशिक्षण में उपस्थित होकर सभी शिक्षकों से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह सफलता उनके परिश्रम, माता-पिता के सहयोग, संकल्प शिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का परिणाम है कि वो इस मुकाम में पहुंचने में सफल हुई। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडे, संकल्प के अश्विनी सिंह, दिलीप सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, प्रभात मिश्रा, ममता सिन्हा, दीपक ग्वाला, राजेंद्र प्रेमी, मनीषा भगत, सीमा गुप्ता, शांति कुजूर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## तीन-तीन श्रोत प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

# डाइट में बीआरजीएस का पांच दिवसीय प्रशिक्षण





कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षक व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार एवं डाइट के मार्गदर्शन में कक्षा 6वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय श्रोत समूह का पांच दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण 7 से 11 जुलाई तक डाइट जशपुर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की शैक्षिक विशेषताओं, नवाचारों एवं कक्षा-कक्ष में प्रभावी उपयोग की विधियों से अवगत कराना था। 7 जुलाई 2025 को कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर तथा डाइट प्राचार्य एमज़ेडयू सिद्दीकी उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात श्री भटनागर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व एवं नवीन पाठ्यपुस्तक की गुणवत्ता को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में बीआरजीएस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में जिले के प्रत्येक विकासखंड से संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी विषय के तीन-तीन श्रोत प्रशिक्षकों का चयन कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालन विषय-विशेषज्ञों एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त तीन अनुपूरक विषयों कौशल बोध, कृति, तथा खेल यात्रा को भी विशेष रूप से शामिल किया गया। कौशल बोध विषय पर बनारसी यादव द्वारा प्रशिक्षकों को जीवन कौशल, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान आदि बिंदुओं पर प्रभावशाली प्रशिक्षण प्रदान किया गया। खेल यात्रा विषय पर रविशंकर राम ने शारीरिक शिक्षा को आनंदमयी एवं सहभागितापूर्ण बनाते हुए उसकी शैक्षिक उपयोगिता को समझाया। कला शिक्षण पर राजेन्द्र प्रेमी ने कला, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक समावेशन जैसे पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। सभी डीआरजीएस को शिक्षण में नवीन विधियों, सहभागिता आधारित गतिविधियों, एवं मूल्यांकन की उन्नत दृष्टि से अवगत कराया गया।

### समापन समारोह में दिया गया प्रमाण पत्र

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 11 जुलाई 2025 को डाइट प्राचार्य डॉ.एमज़ेडयू सिद्दीकी, उप-प्राचार्य श्रीमती संगीता भोई, तथा कार्यशाला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री यूके तिर्की की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने अपने संबोधन में सभी डीआरजीएस एवं बीआरजीएस को आगामी समय में प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को विद्यालयों तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डाइट के व्याख्याता आरबी चौहान ने कुशलतापूर्वक किया। प्रशिक्षण की योजना, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन में डाइट जशपुर की पूरी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए भौतिकी विज्ञान के शिक्षकों का उन्मुखीकरण

- डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने कराए हैंड्स ऑन एक्सपेरिमेंट

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत जिले में गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं में विज्ञान और 12वीं में भौतिकी के शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला सेजेस हिंदी माध्यम में जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने 15 से अधिक रोचक व सरल वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार जटिल भौतिकी के सिद्धांतों को विद्यार्थियों को प्रभावशाली ढंग से समझाया जा सकता है। उन्होंने बल, गति, घर्षण, पृष्ठ तनाव जड़त्व, संवेग ऊर्जा संरक्षण, अपवर्तन, वायुदाब, घूर्णन गति, अपकेन्द्रीय बल, उष्मा संचरण, ध्वनि, स्थैतिक एवं गतिज घर्षण, और न्यूटन के नियमों आदि से जुड़े प्रयोग शिक्षकों से कराए और कक्षा अध्यापन में इन्हें शामिल कैसे करें, यह बताया। प्रयोगों में सामान्य वस्तुओं जैसे – रस्सी, प्लास्टिक की बोतल, मोमबत्ती, पानी, बर्फ, गेंद, पेंडुलम, स्प्रिंग, स्पोक, बैलून, ग्लास, मोबाइल, लेंस, दर्पण, एलईडीबल्ब, पेपर पेन, फनल प्लास्टिक बॉल आदि का उपयोग कर भौतिकी के कई कॉन्सेप्ट्स को स्पष्ट किया गया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने मानव मस्तिष्क साइकोलॉजी के जोन मैपिंग को समझाया।




## बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत के सभागार में बिहान योजना अंतर्गत बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में बैंकर्स, बीपीएम एरिया कोऑर्डिनेटर, बीमा सखी, पीआरपी एवं अन्य फील्ड स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यशाला में बिहान की अवधारणा, समूह क्रेडिट लिंकेज, इंटरप्राइज फाइनेंस, बीसी सखी मॉडल, बीमा योजनाएं, एनपीए का निराकरण, एवं कमेटी की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और समूहों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने, बैंक से जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज़ीकरण में सहयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला एनआरपी बीएम पटनायक, एलडीएम वाल्टर भेंगरा, एनआरएलएम विजय शरण प्रसाद, डीपीएम अमीन खान, डीएच सा-धन अखिल पारासेट, अन्य एनआरएलएम सहयोगी स्टाफ विकास सोनी, हरि यादव, सूरज कुमार एवं नवीन भगत के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बैंकर्स एवं फील्ड स्टाफ को बिहान योजना से जुड़े वित्तीय पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

### बेकाबू बोलेरा डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसने स्थानीय लोगों को दहला दिया। जेपीएल पावर प्लांट के मेन गेट के सामने तेज़ रफ्तार में दौड़ रही एक बोलेरो वाहन ने अचानक अपना संतुलन खो दिया और सामने चल रहे कई अन्य वाहनों को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क किनारे बने डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बोलेरो में सवार तीन लोगों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक की पहचान अभी पुलिस द्वारा सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार काफी तेज़ थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। रास्ते में खड़ी या धीरे चल रही गाड़ियों को रगड़ते हुए बोलेरो डिवाइडर से जा टकराई। हादसे की आवाज़ इतनी तेज़ थी कि आस.पास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। मौके पर पहुंची तमनार पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

# बेसिक पुलिसिंग को बनाएं मजबूत लापरवाही पर होगी कार्रवाई: आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने शुक्रवार को रायगढ़ जिला पुलिस कार्यालय के नियंत्रण कक्ष में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ली।

**खास बात**

- आईजी डॉ. शुक्ला ने की रायगढ़ पुलिस अधिकारियों के साथ अहम बैठक

बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा और पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करना रहा।

बैठक की शुरुआत में आईजी डॉ. शुक्ला ने नए कानूनों को लागू करने की दिशा में की जा रही प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गृह मंत्रालय एवं राज्य पुलिस मुख्यालय की तरफ से नए प्रावधानों को लेकर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा भी नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए सख्त दिशा.निर्देश दिए गए हैं।

आईजी डॉ. शुक्ला ने नए कानूनों के तहत अपराध अनुसंधान में तकनीकी संसाधनों के महत्व पर बल देते हुए ईसाक्ष्य, क्राइम मैक्स, नेटग्रिड जैसे डिजिटल टूल्स के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी आपराधिक मामले की विवेचना में फॉरेंसिक टीम की साझेदारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, जिससे जांच प्रक्रिया पारदर्शी और परिणामदायी हो सके। आईजी डॉ. शुक्ला ने रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी कैमरा अभियान की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान आम नागरिकों की सहभागिता का बेहतरीन उदाहरण है, जिससे शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम मिल रहा है। उन्होंने इस अभियान को और भी व्यापक करने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल करने की अपील की।



### जिला पुलिस को मिला स्पष्ट संदेश

आईजी ने अधिकारियों को यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब पुलिसिंग में लापरवाहीए ढिलाई या पुरानी सोच के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि समय के साथ पुलिसिंग की प्रकृति बदली है और अब तकनीक, पारदर्शिता और त्वरित प्रतिक्रिया ही नई पहचान बननी चाहिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम सहित समस्त उप पुलिस अधीक्षकए थाना व चौकी प्रभारी और शाखा प्रभारी शामिल रहे।

### बेसिक पुलिसिंग को बताया अपराध नियंत्रण की रीढ़

उन्होंने जोर देकर कहा कि बेसिक पुलिसिंग ही किसी भी अपराध नियंत्रणए विधि व्यवस्था और सफल विवेचना की मजबूत नींव है। डॉ. शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों का नियमित मूल्यांकन करें, अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित करें और लापरवाही बरतने वालों पर तत्काल सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक उत्तरदायी, अनुशासित, तकनीकी रूप से दक्ष और जनता से बेहतर संवाद करने वाली पुलिस व्यवस्था ही वर्तमान समय की आवश्यकता है। पुलिस की जवाबदेही तभी बढ़ेगी जब थानों में मूलभूत कार्य संस्कृति को मजबूत किया जाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर का वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह 9 जुलाई को होटल ट्रिनिटी में भव्य रूप से आयोजित हुआ। समारोह में वर्ष 2025-26 के लिए नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ली।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदनाए दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि रोटेरियन संजय एनआर, विशिष्ट अतिथि डीजीएन रोटेरियन भानुप्रताप सिंह, शपथ अधिकारी डीजी रोटेरियन अमित जायसवाल और क्लब संस्थापक रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि संजय एनआर ने क्लब की सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शपथ अधिकारी अमित जायसवाल ने अध्यक्ष मनीष जायसवालए सचिव नयन अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल को शपथ दिलाई। पूर्व पदाधिकारियों ने कॉलर और पिन पहनाकर उन्हें कार्यभार सौंपा। क्लब के नए सदस्यों ने भी शपथ ली। पूर्व अध्यक्ष नीरज गुप्ता और पूर्व सचिव सूरज जायसवाल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी का आभार जताया। समारोह में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की सफलता में क्लब के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## श्याम मंडल चुनाव का बिगुल बजा, 23 को मतदान

**रायगढ़।** नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल की वर्तमान कार्यकारिणी का 1 वर्ष पूर्ण हो रहा है। इसके साथ ही नवीन कार्यकारिणी का चुनावी प्रक्रिया द्वारा निर्वाचन होना है। मंडल चुनाव के लिए एडवोकेट सुभाष बेरीवाल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुकेश मित्तल कलानोरिया को सहायक चुनाव अधिकारी एवं प्रकाश निगानिया को उप निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन मंडल ने 9 जुलाई बुधवार को चुनाव हेतु अधिसूचना जारी कर दी एवं चुनाव कार्यालय के बाहर चस्पा कर दिया। जिसके साथ ही श्याम मंडल में आचार संहिता प्रभावशील हो गई। अप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश निगानिया ने बताया कि श्याम मंडल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव व कार्यकारी सदस्य के पदों में चुनाव होना है। जिसके लिए 9 जुलाई बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। जिसमें दिनांक 10 जुलाई को मतदाता सूची का सूचना पटल प्रकाशन दिनांक 11 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रातः 10 से 12 बजे तक मतदातागण सदस्यगण प्राथमिक मतदाता सूची के संबंध में अपनी उचित आपत्ति निर्वाचन मंडल में समक्ष कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

घर बैठे कमाई का झांसा, बेरोजगारों को बनाया जा रहा निशाना

# सावधान : वर्क फ्रॉम होम ठग गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेरोजगारी और महंगाई के इस दौर में हर कोई अतिरिक्त आय की तलाश में है। ऐसे में वर्क फ्रॉम होम यानी घर बैठे काम करके पैसे कमाने के झूठे सपने दिखाकर ठगी का एक बड़ा गिरोह सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से सक्रिय हो गया है। यह गिरोह खासकर युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों को निशाना बना रहा है।

यह साइबर ठग पहले व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्मों पर लुभावने संदेश भेजते हैं। घर बैठे 5 हजार से 20 हजार हर हफ्ते कमाएं। बिना निवेश के पार्ट टाइम जॉब। डाटा एंट्री, ऑनलाइन फॉर्म फिलिंग, गूगल रिव्यू टास्क आदि के पैसे पाएं। ऐसा मैसेज भेजते हैं। अथवा अखबार के जरिए ये अपना पम्पलेट घरों तक भेज देते हैं। इससे आकर्षित होकर बेरोजगार युवा आसानी से ठगों के चंगुल में फंसते हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए शुरुआत में कुछ छोटे टास्क दिए जाते हैं। जैसे गूगल पर रेटिंग देना, वेबसाइट खोलना या यूट्यूब वीडियो को लाइक करना। इन कार्यों के बदले तुरंत कुछ राशि ट्रांसफर भी किए जाते हैं ताकि पीड़ित का भरोसा जीता जा सकें।




### टास्क के बाद शुरू होती है ठगी

भरोसा जमने के बाद गिरोह पीड़ित को बड़े टास्क देने का प्रस्ताव देता है, जिसके लिए वर्क सिक्योरिटी चार्ज, डिपॉजिट, सिस्टम अपग्रेड फीस या टास्क अनलॉक चार्ज के नाम पर 1000 से लेकर 50 हजार तक वसूले जाते हैं। एक बार पैसा ट्रांसफर होते ही आरोपी नंबर ब्लॉक कर देते हैं। ऐसे में रोजगार तलाशने वाला फिर से बेरोजगार हो जाता है।

### रायगढ़ और आसपास के कई लोग बने शिकार

साइबर सेल को अब तक कई शिकायतें मिली हैं कि लोगों ने 5 हजार से 70 हजार तक इन गिरोहों को गवां दिए हैं। कुछ मामलों में तो पीड़ितों ने कर्ज लेकर पैसे ट्रांसफर किए थे। इस उम्मीद में कि जल्द कमाई होगी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान


डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411